**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 25.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजधानी रांची में आयोजित समारोह में लगभग 200 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इन डॉक्टरों में जेपीएससी द्वारा चयनित सहायक प्राध्यापक दंत चिकित्सक एवं संविदा आधारित चिकित्सा पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवनियुक्त चिकित्सकों से कहा कि इस राज्य की गरीब जनता की सेवा अब उनकी जिम्मेदारी है।

*********************

चाईबासा में पश्चिमी सिंहभूम जिले के 10 माओवादियों ने पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में कम उम्र की महिला सदस्य भी शामिल हैं, जिन्हें डीजीपी ने मुख्यधारा में लौटने का स्वागत किया। डीजीपी ने कहा कि हाल के वर्षों में पुलिस की दबिश और राज्य की आत्मसमर्पण नीति से नक्सली बड़ी संख्या में लौट रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 31 दिसंबर 2025 तक झारखंड से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

*********************

लोहरदगा जिले के भण्डरा ब्लॉक स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एएनएम कर्मियों ने महिलाओं को जच्चा–बच्चा स्वास्थ्य देखभाल और विगत टीकाकरण की जानकारी दी। ये कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हिस्सा है।

*********************

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने रामगढ़ जिले के हज़ारों लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट में आज जेटेट परीक्षा मामले पर सुनवाई हुई। अदालत के आदेश पर राज्य के शिक्षा सचिव सशरीर उपस्थित हुए। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को ये निर्देश दिया कि जब तक जेटेट परीक्षा नहीं होती, तब तक राज्य में शिक्षक नियुक्ति का नया विज्ञापन जारी न किया जाए।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम साढे छह बजे वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे, जिसका सजीव प्रसारण आकाशवाणी पर किया जाएगा। इसके कारण सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण इस विशेष प्रसारण के बाद किया जाएगा।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र प्रायोजित योजना के तीसरे चरण को मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत अगले तीन वर्ष में मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में 5 हजार 23 एमबीबीएस सीटें और पीजी की पांच हज़ार परास्नातक सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। सूचना और प्रसरण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में जानकारी दी।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ रहा है और अब हमें किसी भी देश में निर्भर रहना मंजूर नहीं है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने हमें अंत्योादय की राह दिखाई थी। अन्तोदय में सामाजिक न्याय की मजबूती रही है।

*********************

साहिबगंज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा नेताओं और पूर्व विधायक अनंत ओझा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सांपों को सुरक्षित करने वाले स्नेक कैचर जितेंद्र हजारी को सम्मानित किया गया। साथ ही सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रतिमा स्थल तक निकाली गई साइकलिंग रैली में सैकड़ों छात्र–छात्राएं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

*********************

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले तीन घंटों के अंदर रांची, बोकारो, गिरिडीह, जामताड़ा, खूंटी और रामगढ़ जिलों में हल्की गरज–चमक के साथ हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने लोगों से आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की गाइडलाइंस का पालन करने की अपील की है।

*********समाप्त*********